Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में 33/11 के.वी. जी.एस.एस. नोसर कार्यालय सहायक अभियन्ता (पवस) गतोडा जोधपुर डिस्कॉम के तकनीशियन प्रथम (लाईनमैन) 12,000/— रूपयें रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर दिनांक 05 फरवरी 2026, गुरूवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर ग्रामीण द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए **हरिकिशन मीणा तकनीशियन प्रथम (लाईनमैन) 33/11 के.वी. जी.एस.एस. नोसर कार्यालय सहायक अभियन्ता (पवस) जोधपुर डिस्कॉम मतोडा** को **12,000/— रूपयें** रिश्वत लेतें हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** नें बताया कि एसीबी की जोधपुर ग्रामीण ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि हरिकिशन मीणा तकनीशियन प्रथम (लाईनमैन) 33/11 के.वी. जी.एस.एस. नोसर कार्यालय सहायक अभियन्ता (पवस) जोधपुर डिस्कॉम मतोडा द्वारा परिवादी के घरेलु बिजली बिल की 80 हजार रूपये की राशि को कम करने की एवज में 12,000/— रूपये मांग कर परेशान किया जाकर रिश्वत की मांग की जा रही है। जिस पर मांग सत्यापन के दौरान परिवादी से आरोपी हरिकिशन मीणा तकनीशियन प्रथम (लाईनमैन) द्वारा 12,000/— रूपयें रिश्वत राशि मांग करना पाया गया।

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव** के सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों जोधपुर ग्रामीण के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारस सोनी** नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री अनिल कुमार** मय टीम के आज ट्रेप कार्यवाही करतें हुए आरोपी को 12,000/— रूपयें रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के **महानिरीक्षक श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ व कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामलें में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जाएगा।